प्रधानमंत्री ने देहरादून से दिल्ली के बीच 'वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन'की पहली यात्रा का शुभारंभ झंडी दिखाकर किया

चर्चा में क्यों?

25 मई, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देहरादून से दिल्ली के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन झंडी दिखाकर किया। उन्होंने नव विद्युतीकृत रेल खंडों को भी राष्ट्र को समर्पित किया और उत्तराखंड को 100 प्रतिशत विद्युत कर्षण (ट्रैक्शन) वाला राज्य घोषित किया।

प्रमुख बिंदु

- यह उत्तराखंड में प्रारंभ होने वाली पहली 'वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन'है। यह ट्रेन देश की राजधानी को उत्तराखंड की देवभूमि से जोड़ेगी। दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय और कम हो जाएगा और ट्रेन में उपलब्ध विश्व स्तरीय सुविधाएँ एक सुखद यात्रा का अनुभव कराएंगी।
- ट्रेन स्वदेशी है और कवच तकनीक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से लैस है। नई वंदे भारत एक्सप्रेस देहरादून से दिल्ली के बीच की दूरी 4.5 घंटे में तय करेगी।
- प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर विकास के 9 रत्नों का जिक्र किया-
  - **पहला -** केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए के जीर्णोद्धार का काम।
  - **दूसरा -** गौरीकुंड-केदारनाथ और गोबिंद घाट-हेमकुंड साहिब में 2500 करोड़ रुपए की रोपवे परियोजना।
  - **तीसरा -** मानस खंड मंदिर माला कार्यक्रम के अंतर्गत कुमाऊँ के प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार।
  - **चौथा -** पूरे राज्य में होमस्टे का प्रचार (राज्य में 4000 से अधिक होमस्टे पंजीकृत हैं)।
  - **पाँचवाँ -** 16 इकोटूरिज़्म स्थानों का विकास।
  - **छठा -** उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार (ऊधमसिंह नगर में एम्स का उप केंद्र)।
  - **सातवाँ -** 2000 करोड़ रुपए की टिहरी झील विकास परियोजना।
  - **आठवाँ -** हरिद्वार ऋषिकेश को योग और साहसिक पर्यटन की राजधानी के रूप में विकसित करना।
  - **नवां -** टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन।
- उन्होंने बताया कि 12,000 करोड़ रुपए की लागत से चार धाम महापरियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे यात्रा को तेज और आसान बना देगा।
- उन्होंने कहा कि 16,000 करोड़ रुपए की ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना 2-3 वर्षों में पूरी हो जाएगी। यह परियोजना उत्तराखंड के एक बड़े हिस्से को सुलभ बनाएगी और निवेश, उद्योग और रोज़गार को बढ़ावा देगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-flags-off-1st-journey-of-vande-bharat-express-train-between-dehradun-to-delhi